X

हिंदी

उत्तर-सूचिका

HINDI WORKSHEET

8

तिरुवनंतपुरम शैक्षिक जिला

Thiruvananthapuram Educational District

उत्तर- सूचिका (8)

कक्षा 10

I

गद्यांश पढ़ें

यह मुझे बहुत बाद में समझ आया कि जिस स्कूल में बिताए समय को मैं अपने बचपन का सबसे खराब समय समझा करता था, शायद वही मोरपाल के लिए उसके जीवन का सबसे अच्छा समय होता था। घर की कमरतोड़ मेहनत और खेत-मजूरी से इतर दिन का ऐसा एकमात्र समय जब वह बच्चा बना रह सकता था। मेरे लिए स्कूल यूनीफ़ॉर्म बोझ थी। मेरे पास उससे बेहतर कपड़े थे जिन्हें मैंने अपनी पसंद से बड़े शहरों के बड़े बाज़ारों से खरीदा था। लेकिन मोरपाल के पास एकमात्र कमीज़-पैंट का नया जोड़ा वह नीली-खाकी स्कूल यूनीफ़ॉर्म ही थी। स्वाभाविक था कि वह उसे ही शादी में पहनकर आता।

अब लिखें ,प्रत्येक वाक्य किसके लिए सही है ?

घर की कमरतोड़ मेहनत और खेत-मजूरी से पीड़ित	मोरपाल
बड़े शहरों के बड़े बाज़ारों से खरीदे कपड़े थे।	मिहिर
केवल स्कूल में बिताए समय वह बच्चा बना रह सकता था।	मोरपाल
शादी में भी नीली–खाकी यूनीफ़ॉर्म पहनकर आता।	मोरपाल
स्कूल यूनीफ़ॉर्म बोझ थी।	मिहिर



Thiruvananthapuram Educational District

सबसे बड़ा शो मैन

जीवनी

गीत चतुर्वेदी

सूचनाओं की सहायता से चार्ली की माँ और मैनेजर के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें

दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा है।
चार्ली को स्टेज पर भेजो। वह संभाल लेगा।
एक बार फिर कोशिश करके देख लो।
पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को कैसे झेल पाएगा ?
उसे जाना ही होगा।

माँ: मैं अब गा न सकूँगी। अरे! ..क्या करूँ ?

मैनेजर: एक बार फिर कोशिश करके देख लो।

माँ: नहीं ...मुझसे नहीं होगा। अब क्या करें ?

मैनेजर: चार्ली को स्टेज पर भेजो। वह संभाल लेगा।

माँ: अरे !नहीं, नहीं। पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को कैसे झेल पाएगा ?

मैनेजर: मैंने उसे तुम्हारे दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा है। उसे भेजो।

माँ: ज़िद न करो ।

मैनेजर: मुझे कुछ नहीं सुनना है। उसे जाना ही होगा।

Thiruvananthapuram Educational District

कक्षा 10

III

"सबसे बड़ा शो मैन" पाठ के आधार पर घटनाओं को क्रमबद्ध करें

- चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरू किया।
- लोग चिल्लाने लगे।
- गाते–गाते अचानक माँ की आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई।
- जब तक मैनेजर ने वह पोटली माँ के हवाले नहीं की, वह नहीं लौटा।
- चार्ली को लगा कि मैनेजर खुद पैसे रख लेना चाहता है।
- स्टेज पर पैसों की बौछार शुरू हो गई।
- मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा।

- गाते–गाते अचानक माँ की आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई।
- लोग चिल्लाने लगे।
- मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा।
- चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरू किया।
- स्टेज पर पैसों की बौछार शुरू हो गई।
- चार्ली को लगा कि मैनेजर खुद पैसे रख लेना चाहता है।
- जब तक मैनेजर ने वह पोटली माँ के हवाले नहीं की, वह नहीं लौटा।

Thiruvananthapuram Educational District







IV

कक्षा 10

वाक्य-पिरमिड़ की पूर्ति करें

अपने साथ
अक्सर

चार्ली को ले जाती थी ।

चार्ली को थिएटर ले जाती थी ।

चार्ली को अपने साथ थिएटर ले जाती थी ।

चार्ली को अक्सर अपने साथ थिएटर ले जाती थी ।

स्टेज पर
अंतत:

वह ले गया ।

वह चार्ली को ले गया ।

वह चार्ली को स्टेज पर ले गया ।

वह अंतत: चार्ली को स्टेज पर ले गया ।





Thiruvananthapuram Educational District